नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

घट्टिया। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम कुमारड़ी से एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी को घट्टिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के चंगुल से नाबालिग को सुरक्षित मुक्त कराकर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

10 जून को दर्ज हुई थी गुमशुदगी: प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 10 जून 2026 को पीड़िता के पिता (जो मूलत: ग्राम किराड़िया, थाना नागदा के निवासी हैं और वर्तमान में ग्राम कुमारड़ी में हली का कार्य करते हैं) ने घट्टिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 15 वर्ष 6 माह की नाबालिग बेटी बिना बताए कहीं चली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

साइबर सेल की मदद से खुला राज: थाना प्रभारी करण खोवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद ली। परिवार और संदेही लोगों के मोबाइल कॉल डिटेल खंगालने पर एक संदिग्ध नंबर सामने आया। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस करते हुए ग्राम बड़ौद में दबिश दी और वहां से आरोपी धर्मेंद्र नायक (उम्र 20 वर्ष, पिता करण सिंह नायक, निवासी किशनपुरा, थाना कानड़, जिला आगर) को धरदबोचा। साथ ही नाबालिग लड़की को भी अपने कब्जे में लिया। थाना लाकर जब पीड़िता के बयान दर्ज किए गए, तो मामले में दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इसके बाद घट्टिया पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र नायक के खिलाफ एक्ट का इजाफा किया।।। इस त्वरित और सफल कार्रवाई में घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल, उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह अलावा,सायबर सेल प्रभारी प्रतीक यादव, सहायक उपनिरीक्षक गौरीशंकर काकोड़िया, प्रधान आरक्षक राजेंद्र राठौर, मानसिंह आर्य, प्रेम सबरवाल, राजपाल चंदेल, आरक्षक बनवारी लाल यादव, रूपेश परले तथा महिला आरक्षक हेमलता बैरागी व बुलबुल पाटीदार की सराहनीय भूमिका रही।

खेत की टापरी में बंधक बनाकर रखा, मोबाइल-सिम तोड़े

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी धर्मेंद्र और नाबालिग के बीच फोन पर बातचीत होती थी। 10 जून को आरोपी उसे बहला-फुसलाकर ग्राम कोटड़ी ले गया। वहां एक खेत में बनी टापरी (झोपड़ी) में आरोपी ने नाबालिग के साथ 3 से 4 बार दुष्कर्म किया और 10 दिनों तक उसे पत्नी बनाकर रखा। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने अपना मोबाइल और सिम कार्ड तोड़कर जंगल में फेंक दिए थे।

बौद्धिक दिव्यांग सदस्यों के विश्व का प्रथम लियो क्लब स्थापित

▶ लियो क्लब स्नेह नागदा के 21 बौद्धिक दिव्यांग आज लेंगे नेतृत्व एवं सेवा की शपथ

नागदा जं. निप्र। समावेशी समाज की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक पहल करते हुए लियो क्लब स्नेह नागदा का गठन किया गया है। यह विश्व का पहला ऐसा लियो क्लब है जिसके सभी 21 सदस्य बौद्धिक दिव्यांग हैं। इस अनूठे क्लब को लायंस क्लब नागदा ग्रेटर द्वारा प्रायोजित किया गया है।

इस अभिनव पहल की परिकल्पना लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233-जी2 के प्रथम उप प्रांतपाल एवं स्नेह संस्थापक, लायन डॉ. पंकज मारू द्वारा की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बौद्धिक दिव्यांग युवाओं को नेतृत्व, सेवा, सामाजिक सहभागिता एवं मुख्यधारा के सामाजिक संगठनों से जोड़कर उन्हें समान अवसर प्रदान करना है।

नवनिर्मित क्लब में कुल 21 सदस्य शामिल हैं। क्लब के प्रथम पदाधिकारियों में लियो दक्ष सिसोदिया को अध्यक्ष, लियो पुष्कर दरकुनिया को सचिव तथा लियो राधा परमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है जिनका शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को इंदौर से आ रहे पूर्व प्रान्तपाल लायन डॉ जवाहर बिहानी द्वारा संपन्न होगा द्य इस ऐतिहासिक पहल पर लायंस क्लब्स के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन डॉ. एपी सिंह ने हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह क्लब विश्वभर में समावेश का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा तथा यह सिद्ध करेगा कि दिव्यांगजन केवल सेवा के पात्र ही नहीं, बल्कि सेवा के नेतृत्वकर्ता भी बन सकते हैं।

नागदा ग्रेटर का शपथग्रहण समारोह आज

आज शनिवार को आयोजित समारोह में लायन डॉ. जवाहर बिहानी मुख्य अतिथि एवं शपथ विधि अधिकारी के रूप में लायंस क्लब नागदा ग्रेटर की 31वीं कार्यकारिणी के साथ ही लियो क्लब नागदा ग्रेटर की नवीन कार्यकारिणी को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर विधिवत स्थापित करेंगे।

एक नजर में

किसान संघ की बैठक

घट्टिया। भारतीय किसान संघ तहसील घट्टिया की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। जिसमें आगामी कार्यक्रम अंतर्गत 3000 पौधों का रोपण करने का संकल्प लिया गया। सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी तहसील में पौधारोपण करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री कल्याण निधि व वृद्धा पेंशन की किस्त डालने के लिए भी तहसीलदार आदर्श शर्मा को ज्ञापन दिया गया।

झमाझम बारिश, मौसम में आई ठंडक

घट्टिया। गुरुवार दोपहर में तेज हवा के झमाझम बारिश हुई। करीब 1 घण्टे तक हुई बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई। वहीं किसान भी बोवनी कार्य के लिए खेतों को तैयार करने में जुट गए।

महिदपुर में योग दिवस का आयोजन किया

महिदपुर। इसके अंतर्गत महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कृष्णा बाई शिवनारायण सूर्यवंशी थीं। विशेष अतिथि योग नोडल अधिकारी उज्ज्वल मैडम, गिरधारी लाल ऊथरा, पत्रकार विजय चौधरी, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महिदपुर में विद्यालय के प्राचार्य किशोर परमार, योग प्रशिक्षक राधे श्याम कुमावत तथा शैलेंद्र सिंह चौहान के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक ग्रहण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। योग प्रबोधन में अतिथियों द्वारा स्वास्थ्य की निरंतरता के लिए जीवन में योग की महत्ता बताई गई। महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा प्रोटोकॉल में निर्धारित आसन एवं प्राणायाम का उल्लास पूर्वक अभ्यास किया गया। महाविद्यालय में कार्यक्रम का संचालन डॉ. जाकिरुद्दीन अहिंगर ने किया।

बड़नगर क्षेत्र में घर की राह भटका 5 वर्षीय बालक को परिजन से मिलाया

उज्जैन। जिले के थाना बड़नगर क्षेत्र अंतर्गत व्यास कॉलोनी में एक 5 वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 24 जून को दोपहर 1.15 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बड़नगर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक 1852 राकेश एवं पायलट नरेंद्र ने मौके पर पहुंचकर बालक को संरक्षण में लिया। डायल-112 जवानों ने बालक को एफआरव्ही वाहन से साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर परिजन की जानकारी नहीं मिलने पर बालक को लेकर थाना पहुंचे। डायल-112 जवानों ने बालक के मिलने की सूचना स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप में भेजी। कुछ समय पश्चात बालक के परिजन थाना पहुंचे, जिन्हें बालक द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत परिजन के सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी अनुसार बालक खेलते खेलते घर से निकल कर रास्ता भटक गया।

खाटू श्याम मंदिर अम्बिकापुरी में श्रीफलों से आहुतियां

इंदौर. एयरपोर्ट रोड, अम्बिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम के 29वें वार्षिकोत्सव में गुरुवार को निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में खाटू श्याम महायज्ञ में 108 श्रीफलों की आहुतियाँ समर्पित कर समूचे राष्ट्र एवं मालवांचल में सुखद वर्षा, विश्व शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गत 20 जून से चल रहे महोत्सव में पुष्प बंगले एवं पवित्र ज्योत के दर्शन भी किए. समूचा परिसर दिनभर खाटू श्याम बाबा के जयघोष से गूंजता रहा. मंदिर के वार्षिकोत्सव का समापन शुक्रवार 26 जून को सुबह महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं संध्या को चलित भंडारे के साथ होगा. महंत नीलू बाबा ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज के सानिध्य में अ.भा. खाटू श्याम अखाड़े के अनेक संत-विद्वानों ने निर्जला एकादशी पर महोत्सव में अपनी भागीदारी दर्ज कराई. सुबह मंदिर में श्याम बाबा का मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शनार्थ भक्तों का मेला दिनभर जुटा रहा। मंदिर पर चल रहे खाटू श्याम महायज्ञ में सुबह 108 श्रीफलों (नारियल) की आहुतियाँ समर्पित कर श्याम बाबा से सुखद वर्षा, विश्व शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की गई. नारियल की आहुतियों में समाजसेवी राधेश्याम गुरूजी, विनोद मित्तल, पवन रामदास छावनी, जगदीश माहेश्वरी, रमेश शर्मा, मनीष गुप्ता एवं मंदिर समिति की ओर से धीरेंद्र जैसवाल, मनीष जैन, अनिल सोनी, श्याम सुंदर सोनी आदि ने भाग लिया.

मस्तिष्क के संकेतों को समझना जरूरी

इंदौर. आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सिरदर्द, तनाव, भूलने की आदत, चिड़चिड़ापन और थकान जैसी समस्याएं आम हो गई हैं. अधिकांश लोग इन्हें व्यस्त दिनचर्या, काम के दबाव या उम्र बढ़ने का सामान्य प्रभाव मानकर नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन कई बार शरीर के यही साधारण दिखने वाले संकेत किसी गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी की ओर इशारा कर रहे होते हैं. हर सिरदर्द सामान्य नहीं होता, मस्तिष्क के संकेतों को समझना जरूरी है. यह बात हाल ही में मनाए गए विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस के विषय में चर्चा करते हुए मेदांता हॉस्पिटल के इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूरोसाइंसेज़ के डायरेक्टर डॉ. रजनीश कछारा ने कही. उन्होंने बताया कि ब्रेन ट्यूमर के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि समय पर पहचान होने पर उपचार के परिणाम बेहतर हो सकते हैं और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है. डॉ. कछारा के अनुसार लगातार या बढ़ता हुआ सिरदर्द, विशेषकर सुबह के समय अधिक दर्द होना, बिना कारण उल्टी होना, बार-बार चक्कर आना, अचानक दौरे पड़ना, आंखों की रोशनी कम होना, दो-दो दिखाई देना, बोलने में कठिनाई, शरीर के किसी हिस्से में कमजोरी या सुन्नपन महसूस होना, संतुलन बिगड़ना तथा व्यवहार और व्यक्तित्व में अचानक परिवर्तन जैसे लक्षण ब्रेन ट्यूमर के संकेत हो सकते हैं. शरीर द्वारा दिए जा रहे संकेतों को गंभीरता से लेना जरूरी है. कई मरीजों में भूलने की समस्या भी शुरुआती लक्षण के रूप में सामने आती है. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि याददाश्त की समस्या लगातार बढ़ रही हो और उसके साथ अन्य न्यूरोलॉजिकल लक्षण भी मौजूद हों तो चिकित्सकीय जांच कराना आवश्यक है. मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजय गीद ने कहा कि पिछले एक दशक में न्यूरोसर्जरी और न्यूरो-ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है.

जगन्नाथ रथ यात्रा का पहला न्योता भगवान को समर्पित

इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के निपान्या स्थित मंदिर पर इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथजी की भव्य रथ यात्रा का दिव्य आयोजन 19 जुलाई को होगा. इस बार भी रथ यात्रा अन्नपूर्णा मंदिर परिसर से राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर तक निकाली जाएगी. इसके पूर्व 29 जून को भगवान जगन्नाथजी की स्नान यात्रा का आयोजन भी व्यापक पैमाने पर होगा, जिसमें भगवान को 108 तीर्थस्थलों के पवित्र जल से स्नान कराया जाएगा. रथ यात्रा की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है. इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु ने बताया कि रथ यात्रा 19 जुलाई को दोपहर 1 बजे अन्नपूर्णा मंदिर से शहर के सभी प्रमुख संत, विद्वानों, आचार्यों एवं वेदपाठी विद्वानों के सानिध्य में निकलेगी.

मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

▶ नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया, इस दौरान निगरानी बदमाशों को चेतावनी दी गई

महिदपुर। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला उज्जैन करणदीप सिंह, एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में मोहर्रम को लेकर थाना प्रभारी महिदपुर अशोक पाटीदार ने फ्लैग मार्च निकाला।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में एसडीओपी महिदपुर का बल, थाना महिदपुर का बल एवं रेपिड एक्शन फोर्स का कुल बल 120 के साथ मोहर्रम को लेकर नगर में शांति, सुरक्षा और भाईचारा बनाए रखने के लिए पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने संयुक्त रूप से एक विशाल फ्लैग मार्च निकाला। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करना और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों को कड़ा संदेश देना है। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर नगर के विभिन्न प्रमुख और संवेदनशील मार्गों अयोध्या बस्ती चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, राजेन्द्र मार्ग, चौक बाजार, किशनगंज दरवाया, घाटी मोहल्ला, बैरजाली, दिलदारपुरा, यादव मोहल्ला, मोति मस्जिद, रामलीला मैदान से गुजरा। नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जनता से त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। साथ ही प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थाना क्षेत्र के निगरानी गुण्डों को चैक कर माहौल खराब न करने की चेतावनी दी गई। आयोजकों को शासन के निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की समझाइश दी गई। शासन के निर्देशों का पालन न करने पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जावेगी।

इनका कहना है

मोहर्रम के मद्देनजर रखते हुए यहां पर जुलूस निकाला गया। वहीं बदमाशों को समझाइश दी जा रही है। इसके साथ ही बडनगर जैसी घटना की पुनरावृति ना हो इसकी भी समझाइश दी गई। वही इस फ्लैग मार्च में स्थानीय पुलिस का काफी सहयोग रहा। इसके साथ ही फरार वारंटियों की भी धरपकड़ की गई।
– करणदीप सिंह, एएसपी ग्रामीण

लापरवाह नगर पालिका कर्मचारियों को नोटिस

नागदा जं. निप्र। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संतोषी ओपी गेहलोत के निर्देश एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेशानुसार सहायक यंत्री रवींद्र मंडलोई द्वारा नगर पालिका के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालयीन अनुशासन को सुदृढ़ करना तथा आमजन को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। इस दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति, ड्रेस कोड का पालन, समय पर कार्यालय आगमन एवं कार्य निष्पादन की समीक्षा की गई। कुछ कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में नहीं मिले। कुछ कर्मचारियों द्वारा ड्रेस कोड का पालन नहीं किया गया। ऐसे कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र थमाया है।

नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक यंत्री रविंद्र मंडलोई ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्यसंस्कृति एवं जवाबदेही को मजबूत बनाने के लिए नियमित रूप से औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इससे कार्यालयीन व्यवस्था में सुधार होगा। नपाध्यक्ष गेहलोत ने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ कर्मचारियों की जवाबदेही एवं अनुशासन सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, सभापति भावना रावल, बबिता रघुवंशी, गौरव यादव, रामकुंवर विजयसिंह सिसोदिया, देवकुंवर पटेल, प्रकाश जैन, कौशल्या रघुनाथ सिंह ठाकुर मानीटरिंग कर रहे हैं।

असरावदखुर्द क्षेत्र में दहशत बना तेंदुआ पिंजरे में कैद

▶ स्वास्थ्य परीक्षण के बाद रालामंडल रेस्क्यू टीम ने जंगल में छोड़ा

नव भारत न्यूज

इंदौर. असरावदखुर्द में पिछले कई दिनों से ग्रामीणों में दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया. गुरुवार दोपहर रालामंडल रेस्क्यू टीम ने तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और बाद में उसे जंगल में छोड़ दिया.

ग्रामीणों ने 9 और 10 जून को गांव के आसपास तेंदुए की मौजूदगी देखी थी, जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई थी. इसके बाद रालामंडल की टीम लगातार क्षेत्र में सर्चिंग कर रही थी और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था. बुधवार रात तेंदुआ पिंजरे में फंस गया, जिसके बाद उसे कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए ले जाया गया. डीएफओ लाल सुधाकर सिंह ने बताया कि तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ पाया. नियमानुसार उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया है. उन्होंने ग्रामीणों से वन्यजीव दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की.

पोषण वाटिका और रेन वाटर हार्वेस्टिंग से जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा : नपाध्यक्ष

नागदा जं. निप्र। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन के अंतर्गत पोषण वाटिका एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्यों के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, उज्जैन के निर्देशानुसार चयनित आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य पोषण संवर्धन, हरित वातावरण का विकास तथा वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 चेतनपुरा, वार्ड 8 राजीव कॉलोनी, वार्ड 14 श्रीराम कॉलोनी, वार्ड 15 पुरानी कोटा फाटक, वार्ड 35 मेहतवास एवं वार्ड 36 दुर्गापुरा स्थित छह आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिकाओं का विकास किया गया है। इन वाटिकाओं में फलदार, सब्जी एवं औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा, जिससे बच्चों एवं महिलाओं को पोषण संबंधी जागरूकता के साथ प्राकृतिक वातावरण का लाभ मिलेगा। इसी क्रम में नगर के भू-जल स्तर में वृद्धि एवं वर्षा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 8, 35 एवं 36 स्थित आंगनवाड़ी भवनों के समीप रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। । नपाध्यक्ष गेहलोत ने कहा कि परिषद नगर के समग्र विकास, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पोषण वाटिका एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा आने वाले समय में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं स्थापित की जाएंगी। इससे जल स्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा, भू-जल स्तर में वृद्धि होगी तथा पेड़-पौधों और पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण कर भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, सभापति भावना सुभाष रावल, बबिता रघुवंशी, गौरव यादव, रामकुंवर विजयसिंह सिसोदिया, देवकुंवर पटेल, प्रकाश जैन, कौशल्या रघुनाथ सिंह ठाकुर सहित परिषद के सभी सदस्य योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जिससे कार्यों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

पत्रकार हितों पर मंथन आज जुटेंगे जिलेभर के पत्रकार

नागदा। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया का उज्जैन एवं रतलाम संभाग का संगठनात्मक दौरा निरंतर जारी है।

इसी क्रम में उनके मुख्य आतिथ्य में 27 जून को राजा जन्मेजय की नगरी नागदा में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ (एमपीडब्ल्यूजेयू) जिला इकाई द्वारा जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रात: 9.30 बजे रंगोली होटल एंड रिसोर्ट में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन को लेकर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के पत्रकारों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। संघ के जिला अध्यक्ष राजेश रघुवंशी के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन में पत्रकार हितों, पत्रकार सुरक्षा, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं समसामयिक मीडिया विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया अपने संभागीय दौरे के दौरान विभिन्न जिलों में पत्रकारों एवं संगठन पदाधिकारियों से संवाद कर संगठन को मजबूत बनाने तथा पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन-आलोट लोकसभा क्षेत्र के सांसद, नागदा-खाचरौद विधायक, पूर्व विधायक और अन्य रहेंगे।

नपाध्यक्ष गेहलोत के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का भव्य सम्मान

नागदा जं. निप्र। नगर पालिका परिषद नागदा की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी ओपी गेहलोत के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थयात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का सम्मानपूर्वक स्वागत कर उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया।

प्रात: 6 बजे नगर पालिका कार्यालय के समक्ष कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश मटसेनिया ने सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र अवाना, सांसद एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा, सभापति बबीता रघुवंशी, पूर्व पार्षद अनिल जोशी, सुभाष रावल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में श्रवण कुमार की प्रेरणा से माता-पिता को तीर्थ कराने की परंपरा सदैव सम्मान का विषय रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना ऐसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है,जो आर्थिक कारणों से तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते। इस योजना के माध्यम से उन्हें सम्मानपूर्वक देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिल रहा है। इसके पश्चात सभी चयनित तीर्थयात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनकी सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई। चाय-नाश्ते के उपरांत श्रद्धालुओं को नगर पालिका परिषद की बस से उज्जैन के लिए रवाना किया गया, जहां से वे स्पेशल ट्रैन द्वारा शासन की व्यवस्था के अनुसार हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा पर प्रस्थान करेंगे। विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, सांसद अनिल फिरोजिया तथा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ की शुभकामनायें का भी वाचन किया गया। सभी अतिथियों ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए उनकी यात्रा के सफल, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा होने की कामना की। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 26 से 29 जून तक आयोजित हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा के लिए नगर पालिका नागदा से चयनित पात्र श्रद्धालुकृबसंती बाई नानकराम, कैलाशचंद्र शंकरलाल, जयन्तीलाल लक्ष्मीनारायण, सजन बाई कनीराम, शिवलाल देवीलाल, शांति बाई रामचंद्र, जगदीश धूलीचंद, शिवकुमार मोतीलाल, प्रहलाद हीरालाल, कजोडी बदीसिंह तथा भुन्त्री बाई पारसरामकृयात्रा में सम्मिलित हुए। नगर पालिका परिषद द्वारा सभी यात्रियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा ने किया।

एक नजर ▶ एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में महिदपुर पुलिस की प्रभारी कार्रवाई

सात वर्ष पूर्व हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

महिदपुर। एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महिदपुर ने टीम गठित कर फरारी स्थाई वारण्टी को गिरफ्तार कर जेल।

फरियादी अजहर पिता अफजल निवासी दिलदारपुरा महिदपुर ने वर्ष 2018 में थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि युनुस, युसुफ, शरीफ के विरुद्ध मोटरसाइकिल से रिक्शा टकराने की बात को लेकर रास्ता रोककर जान से मारने की नीयत से देशी कट्टे से हमला कर व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान रिपोर्ट झूठी पाये जाने से फरियादी अजहर व अन्य साक्षियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की परिधि में आने से फरियादी व उसके साथियो को गिरफ्तार कर पूर्व में न्यायालय महिदपुर पेश किया गया एक आरोपी जाकिर अली घटना दिनांक से ही फरार था जिसका फरारी स्थाई वारण्ट माननीय न्यायालय द्वारा जारी किया गया। फरारी स्थाई वारण्टी जाकिर अली पिता गुल्लु अली कोठार उम्र 35 साल निवासी दिलदारपुरा मोहर्रम मनाने के लिये आया था जिसे सूचना मिलने पर माडल स्कूल के पास से 25 से गिरफ्तार कर न्यायालय महिदपुर पेश किया गया जहां से जेल भेजा दिया गया।

केरियर काउंसिल एवं गाइडेंस पर सेमिनार

महिदपुर। संत जोसेफ कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महिदपुर शहर में 23 जून को कक्षा नवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए केरियर गाइडेंस सैमिनार का आयोजन डॉ. आइजैक थॉमस के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, नवागत उपप्रबंधक फादर सजी, प्राचार्य सोबी थॉमस, उपप्राचार्य अनीश थॉमस उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के स्वागत के पश्चात सेमिनार का प्रारंभ किया गया। छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर एक सफल व्यवसायिक जीवन प्राप्त करने के लिए डॉ. आइजैक थॉमस ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। जो छात्र विषय चयन एवं कैरियर के लिए संशय ग्रस्त थे उन्हें कैरियर की विभिन्न शाखाओं, देश-विदेश के आदर्श शिक्षण संस्थानों, स्कालरशिप प्रोग्राम, चयन प्रक्रिया परीक्षा कार्यक्रमों एवं तैयारी आदि के विषय में विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अंत में सभी छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। छात्रों की जिज्ञासा का समाधान कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करने वाले इस सेमिनार में छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि की। इसके साथ ही छात्रों की शिक्षा को सरल, रुचिपूर्ण एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों के लिए भी एक ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।